कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/सी/60115/इंस्पायर अवार्ड/2020–21/ दिनांक : 05/05/2022

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा (मुख्यालय)

विषय :– **Extension of last date for receiving nominations under Artificial Intelligence (AI) Program for INSPIRE Awards MANAK awardees - reg.**

प्रसंग :– **विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान और प्रोद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली का पत्रांक: No.2/74/2020-IAM दिनांक 02.05.2022**

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि गत वर्षों में इंस्पायर अवार्ड–मानक योजना के अन्तर्गत चयनित विद्यार्थी जो वर्तमान में कक्षा 06 से 10 तक में अध्ययनरत हो, को विज्ञान और प्रोद्योगिकी विभाग एवं इन्टेल द्वारा वर्ष 2022 में आयोजित संयुक्त कार्यक्रम Artificial Intelligence (AI) ''युवा नवोन्मेषकों के बीच एआई रेडीनेस का निर्माण'' में भाग लेने योग्य है। उक्त कार्यक्रम विज्ञान दिवस 2022 को शुरू किया गया। ("Buiding AI Readiness among Young Innovators" program (A National Program for students enrolled under INSPIRE Awards - MANAK scheme, of studying in classes 6th to 10th, a collaborative Initiative of Department of Science & Technology (DST), Government of India and Intel India) INSPIRE MANAK के तहत चयनित और कक्षा 6–10 में पढ़ने वाले छात्र इस कार्यक्रम के तहत भाग लेने के लिए पात्र हैं। इस कार्यक्रम के तहत पंजीकरण 1 मार्च 2022 से शुरू किया गया था और नॉमिनेशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2022 थी। हालांकि, अभी तक संबधित जिलों से प्राप्त नॉमिनेशन की संख्या बहुत उत्साहजनक नहीं है। **अंतिम तिथि को एक महीने यानी 30 अप्रैल 2022 से बढ़ाकर 31 मई 2022 तक की जाती है।**

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने जिले/ब्लॉक के (माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अधीन संचालित समस्त विद्यालयों) के संस्था प्रधानों को निर्देशित करते हुए इंस्पायर अवार्ड–मानक योजना के अन्तर्गत चयनित विद्यार्थी जो वर्तमान में कक्षा 06 से 10 तक में अध्ययनरत हों, का पंजीकरण/नॉमिनेशन अनिवार्य रूप से अंतिम तिथि 31 मई 2022 से पूर्व शत–प्रतिशत करवाना सुनिश्चित करें।

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. संयुक्त सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, एनईबी प्रभाग, इंस्पायर पुरस्कार मानक, टेक्नोलॉजी भवन,न्यू महरोली रोड़,नई दिल्ली–110016
2. निदेशक राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान, गांधीनगर (गुजरात)।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को प्रभावी प्रबोधन हेतु।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा को प्रभावी प्रबोधन एवं पालनार्थ।
5. सिस्टम एनालिस्ट,कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत्।
6. रक्षित पत्रावली।

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते